


## इतनी खतरनाक कभी नहीं दिखीं हिना खान, अंगद बेदी पर पड़ रही हैं भारी

हिना खान अपने फैन्स के लिए कुछ नया लेकर हाजिर हो रही हैं और इस बार वह अंगद बेदी के साथ नजर आएंगी। हिना खान ने अपने नए सॉन्ग मैं भी बर्बाद की कुछ झलकियां शेयर की हैं, जिसमें वह काफी इम्प्रेसिव नजर आ रही हैं। यह गाना केवल रोमांस पर नहीं बल्कि प्यार में धोखे की कहानी भी दिखाएगी। हिना खान ने जो लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है उससे यह साफ है कि कहानी में धोखा, गुस्सा और बदले की आग भी है। हिना खान ने बताया है कि इस वीडियो को रिलीज होने में बस एक दिन बाकी है। हिना खखान और अंगद बेदी का यह वीडियो 23 सितम्बर को रिलीज होनेवाला है। हिना खान ने कैप्शन में इसकी कहानी की ओर इशारा किया है और पूछा है, श्प्यार में कौन धोखा देने वाला है? इन झलकियों में हिना खान काफी स्ट्रॉन्ग और लेडी बॉस लक में नजर आ रही हैं। अंगद बेदी के शरीर पर बने टैटू फैन्स का ध्यान काफी खींच रहे हैं। बता दें कि अंगद बेदी इन दिनों पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में हैं। अंगद दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। हिना खान हाल ही में मालदीव से लौटी हैं। उन्होंने वहां की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं।

## फिल्मों में न्यूड सीन पर बोलीं मल्लिका शेरावत, अब इसे क्या कहते हैं लोग

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस मल्लिका शेरावत हमेशा से अपने बोल्ड स्टेटमेंट और सीन्स के लिए मशहूर रही हैं। मल्लिका शेरावत को अपनी बोल्ड फिल्मों के कारण ही पहचान मिली थी। हालांकि इसके लिए उनकी काफी आलोचना भी की गई थी। हालांकि मल्लिका ने हमेशा अपनी आलोचनाओं का मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। अब मल्लिका शेरावत ने आजकल फिल्मों में दिए जाने वाले बोल्ड सीन्स पर चर्चा की है। एक न्यूज पोर्टल से बात करते हुए मल्लिका ने कहा कि बोल्ड सीन्स के लिए हमेशा महिलाओं को टारगेट किया जाता है जबकि जो पुरुष ऐसे सीन करते हैं उन्हें बुरा नहीं माना जाता है। मल्लिका ने कहा कि यही पित्रसत्तातमक सोच है। पुरुष के साथ कोई दिक्कत नहीं लेकिन महिलाओं को दोषी ठहराया जाता है। हालांकि मल्लिका ने यह भी माना कि अब समाज और लोगों की सोच में बदलाव आ रहा है। मल्लिका ने कहा कि मीडिया के साथ ही सोसायटी भी अब महिलाओं का समर्थन करने लगी है। इस बारे में आगे बात करते हुए मल्लिका ने कहा कि एक समय पर उनके बोल्ड सीन्स पर काफी हाय–तौबा होती थी, मगर अब ऐक्ट्रेस फिल्मों में न्यूड सीन भी कर रही हैं मगर इसे अब स्वीकार कर लिया जाता है और इसे आर्टिस्टिक माना जाता है।

## श्रीदेवी के सुपरहिट गाने पर झूम कर नाचीं पाकिस्तानी ऐक्ट्रेस आयजा खान



बॉलिवुड की पहली फीमेल स्टार कही जाने वाली श्रीदेवी भले ही इस दुनिया से चली गई हों मगर उनके फैन्स उन्हें अभी तक नहीं भूले हैं। श्रीदेवी की फैन फॉलोइंग केवल हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि बॉर्डर के उस पार पाकिस्तान में भी अच्छी–खासी है। अब श्रीदेवी की एक पाकिस्तानी फैन ने उनके गाने पर रील्स वीडियो बनाया है। यह फैन और कोई नहीं बल्कि पाकिस्तान की मशहूर ऐक्ट्रेस आयजा खान हैं। आयजा ने श्रीदेवी की सुपरहिट फिल्म चांदनी के मशहूर गाने मेरे हाथों में नौ नौ चूड़ियां हैं पर यह रील्स वीडियो बनाया है। आयजा के इस वीडियो को पाकिस्तान ही नहीं बल्कि भारत में भी काफी पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो में आयजा लाल रंग की ट्रडिशनल ड्रेस में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। बता दें कि यश चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी फिल्म चांदनी साल 1989 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में श्रीदेवी के साथ ऋषि कपूर और विनोद खन्ना मुख्य भूमिकाओं में थे। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था। गौरतलब है कि श्रीदेवी का निधन 2018 में दुबई में बाथटब में डूबने के कारण हो गया था। आखिरी बार श्रीदेवी फिल्म मॉम में नजर आई थीं।

# स्नेहा वाघ ने दूसरे पति पर लगाया शोषण का आरोप

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*पॉप्युलर टीवी ऐक्ट्रेस स्नेहा वाघ ने अपनी दो शादियों को लेकर हाल ही जो कहा है, उसे सुनकर काम्या पंजाबी बुरी तरह भड़क गईं। स्नेहा वाघ इस वक्त बिग बॉस मराठी में नजर आ रही हैं। हाल ही शुरू हुए इस शो में घमासान शुरू हो चुका है। शो के एक हालिया एपिसोड में स्नेहा वाघ ने अपनी दो असफल शादियों और पति से अलग होने को लेकर बात की। स्नेहा वाघ ने दावा किया कि जहां पहले पति ने उन्हें फिजिकली अब्यूज किया तो दूसरे पति ने उन्हें बुरी तरह टॉर्चर किया।*


काम्या पंजाबी यह बात सुनकर आगबबूला हो गईं उन्होंने स्नेहा वाघ को सोशल मीडिया पर जमकर फटकार लगाई है। काम्या पंजाबी ने ट्विटर पर स्नेहा वाघ को टैग करते हुए ट्वीट किया, श्तुम बिग बॉस में जाना चाहती थीं और तुम गईं। लेकिन विक्टिम कार्ड क्यों खेल रही हो? तुम्हारी पहली शादी के बारे में तो कुछ नहीं जानती, लेकिन खबरदार अगर दूसरी शादी के बारे में सिर्फ गेम के लिए इस तरह की कहानियां मत बनाना। तुम बहुत अच्छी तरह जानती हो कि मैं सारा सच बाहर ला सकती हूं। गुड लक। गंदा खेल मत खेलो स्नेहा।

**पहली शादी 2007 और दूसरी 2015 में हुई**

बता दें कि स्नेहा वाघ की पहली शादी आविष्कार दार्वेकर से साल 2007 में हुई थी। लेकिन बाद में उनका तलाक हो गया था। इसके बाद स्नेहा ने साल 2015 में अनुराग सोलंकी से शादी की थी। हालांकि एक साल बाद ही यानी 2016 में दोनों अलग हो गए।

चूंकि काम्या पंजाबी, अनुराग सोलंकी को अच्छी तरह से जानती हैं और फैमिली की तरह ट्रीट करती हैं, इसलिए वह नेहा की ऐसी बातें सुनकर भड़क गईं। अनुराग सोलंकी भी काम्या से सपॉर्ट पाकर खुश हुए और उन्होंने ट्विटर पर कम्या का शुक्रिया अदा किया। साथ ही उन्होंने स्नेहा वाघ पर भी गुस्सा निकाला और कहा कि उन्हें हैरानी





हो रही है कि भला कोई एक शो के लिए इतना नीचे कैसे गिर सकता है?

अनुराग सोलंकी ने ट्वीट किया, थैंक्यू काम्या। मैं यह देखकर शॉक में हूं कि लोग गेम शो के लिए कितना नीचे गिर सकते हैं। मैं अब कुछ नहीं कहना चाहता बस नेहा एक रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि जब भी तुम बाहर आओ तो मैं मुझे और पूरी दुनिया को एक ऐसा सबूत दिखा देना, जहां मैंने तुम्हें एक बार भी टॉर्चर किया हो। मैं दूसरा पति हूं।

विक्की कौशल और कटरीना कैफ की रोका सेरिमनी पर बोले भाई सनी

# सारे रिश्तेदार ये जानते हैं कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ

*हाल ही में विकी कौशल और कटरीना कैफ की रोका सेरिमनी की खबरें खूब छाई रहीं। अब विकी कौशल के भाई सनी कौशल ने दोनों की सगाई को लेकर चुप्पी तोड़ी है। सनी ने सगाई की इस खबर पर कहा है कि इस काल्पनिक एंगेजमेंट में नहीं आमंत्रित किए जाने को लेकर कोई नाराज नहीं था। उन्होंने बताया कि उनके सारे रिश्तेदार ये जानते हैं कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है।*



विक्की कौशल ने कहा कि किसी को यह समझ नहीं आ रहा कि आखिर यह अफवाह कहां से और कैसे उड़ी है। वे एक सुबह उठे और सब जगह यही खबर छाई थी। एक अलग इंटरव्यू में सनी ने बताया कि उनके पैरेंट्स ने रोका की इस खबर पर कैसे रिऐक्ट किया। इसे याद करते हुए उन्होंने कहा विकी उस सुबह जिम गए हुए थे और तभी यह अफवाह आने लगी। जब वह जिम से लौटे तो उनके पापा और मां ने मजाक करते हुए पूछा– अरे यार, तेरी एंगेजमेंट हो गई, मिठाई तो खिला दे। जिसपर विकी ने जवाब देते हुए कहा– जितनी असली एंगेजमेंट हुई है उतनी असली मिठाई भी खा लो।
हर्षवर्धन कपूर ने गलती से यह खुलासा कर दिया था कि विकी और कटरीना एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में उनसे सवाल किया गया था कि वह किसी ऐसी अफवाह के बारे में बताएं जो सच हो, जिसपर उन्होंने कहा, विकी और कटरीना साथ हैं और यह सच है। मुझे नहीं पता कि ये बोलकर मैं उनके लिए परेशानियां तो नहीं खड़ी कर रहा, मुझे लगता है इसे लेकर वे ओपन हैं।
विकी और कटरीना के अफेयर की चर्चा लंबे समय से है और दोनों कई बार पब्लिकली साथ भी नजर आए हैं। हालांकि दोनों में से किसी ने भी अपने इस रिलेशनशिप को लेकर कुछ खुलकर नहीं कहा है।